| 23. | थोरा (सै.–08डी) | नीलिमा बगडा पत्नी अमित कुमार बगडा नि० पंडया मां सुजानगढ चूरू | 345 | 1046 | 0.9210 | में से | 0.7675 |
| 24. | थोरा (सै.–08डी) | नीलेश जैन पुत्र टीकमचन्द जैन नि० दिल्ली | 345 | 1046 | 0.9210 | में से | 0.7675 |
| 25. | द्यौरार (सै.–08डी) | श्री सतीश चन्द जोशी पुत्र पदमदत्त नि0 नौएडा | 392 | 59 | 4.2410 | में से | 0.6750 |
| 26. | द्यौरार (सै.–08डी) | श्री वागीश पाठक पुत्र प्रेम स्वरूप पाठक नि0 दिल्ली | 352 | 123 | 1.6750 | में से | 0.1687 |

उपरोक्त भूमि क्रय किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह लिखित रूप में 15 दिन के अन्दर अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण कार्यालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

**विशेष कार्याधिकारी**
**यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण**

**महत्वपूर्ण सूचना: यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत मास्टर प्लॉन के अतिरिक्त प्लॉटिंग / हाउसिंग / कॉलोनी या किसी भी प्रकार का अन्य निर्माण पूरी तरह से अवैध है। सामान्यजन इस प्रकार की खरीदफरोख्त से पूर्णतः सचेत रहें तथा कॉलोनाइज़र के भ्रामक विज्ञापनों से बचें। अधिक जानकारी के लिए प्राधिकरण की वेबसाइट www.yamunaexpresswayauthority.com देखें।**



## राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 की मुख्य थीम 'एक घंटा, खेल के मैदान में', पर अफसोस...

# इंदौर में हॉकी मैदान नहीं, रोज 200 खिलाड़ी फुटपाथ पर प्रैक्टिस कर रहे

मयंक यादव | इंदौर

राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 की मुख्य थीम 'एक घंटा, खेल के मैदान में' है। पर अफसोस कि खेलों की राजधानी इंदौर में एक भी हॉकी एस्ट्रोटर्फ नहीं है। शहर में रोज 200 से अधिक खिलाड़ी फुटपाथ और मिट्टी के मैदान पर प्रैक्टिस करने के लिए मजबूर हैं।

हॉकी इंदौर के कार्यकारी अध्यक्ष देवकीनंदन सिलावट कहते हैं, चिमनबाग मैदान और प्रकाश हॉकी क्लब पर 200 से अधिक खिलाड़ी रोज अभ्यास करते हैं। प्रकाश हॉकी क्लब के मैदान पर नगर निगम ने ट्रीटमेंट प्लांट बना दिया है। इसी जगह पर पूर्व भारतीय खिलाड़ी शंकर लक्ष्मण, किशन दादा और मीररंजन नेगी खेल चुके हैं। ट्रीटमेंट प्लांट बनने के बाद खिलाड़ी अब फुटपाथ पर अभ्यास करने को मजबूर हैं। वहीं चिमनबाग मैदान पर मिट्टी में हॉकी खेली जा रही है। सुविधा नहीं होने के बाद भी शहर की संस्कृति सारवान, अक्सा खान, अर्शदीप कपूर, प्रियंका यादव, मिताली शर्मा और कनक पाल ने भारतीय टीम में जगह बनाई है।

### टर्फ नहीं होने से प्रैक्टिस पर पड़ता है असर

चक दे इंडिया फिल्म में शाहरुख खान को हॉकी सिखाने वाले पूर्व भारतीय गोलकीपर मीररंजन नेगी फुटपाथ पर हॉकी की ट्रेनिंग देने को मजबूर हैं। वे कहते हैं, मैदान नहीं होने से खिलाड़ियों को सिर्फ ड्रिबलिंग और शॉर्ट पासेस के बारे में जानकारी दे पाते हैं। लॉन्ग पासेस नहीं सिखा पाते हैं। सीमेंट और टर्फ पर गेंद की रफ्तार में भी अंतर होता है, जिसका नुकसान खिलाड़ियों को स्पर्धा के दौरान होता है।

### प्रैक्टिस से पहले बीनना पड़ते हैं कांच

हॉकी इंदौर के सचिव किशोर शुक्ला कहते हैं चिमनबाग मैदान पर अंधेरा होने के बाद कई शराबी घुस आते हैं। वे शराब पीने के बाद मैदान में बोतल फेंक जाते हैं। कई बार बोतल फोड़ देते हैं। प्रैक्टिस से पहले खिलाड़ियों को कांच बीनना पड़ते हैं। कांच की वजह से कई बार खिलाड़ी घायल हो चुके हैं।

### 48 साल पहले 500 खिलाड़ी खेलते थे

कोच अशोक यादव ने बताया कि प्रकाश क्लब 85 साल पुरानी संस्था है। यहां करीब 500 से अधिक खिलाड़ी रोजाना प्रैक्टिस करते थे। 40-50 साल तक खेल का काफी अच्छा रहा है, लेकिन खिलाड़ियों में कमी आना शुरू हुई। इंदौर में मैदानों की संख्या काफी थी, लेकिन हॉकी मैदान कम ही थे। मूसाखेड़ी, चिमनबाग और डेली कॉलेज मैदान पर ही हॉकी खेली जाती थी। सरकार द्वारा राऊ क्षेत्र में हॉकी एकेडमी बनाकर टर्फ लगाया जा रहा है। सरकार हॉकी एकेडमी तैयार करना चाहती है तो उसे शहर के बीच में टर्फ लगाना चाहिए। सरकार को युवा खिलाड़ियों के लिए सुविधाएं जुटाना चाहिए।






## इंडिया टुडे-सी वोटर के मूड ऑफ नेशन सर्वे, पहले नंबर पर सीएम बिस्वा

# 41.9% लोगों को साय के काम पर भरोसा बड़े राज्यों में दूसरे सबसे असरदार मुख्यमंत्री

भास्कर न्यूज | रायपुर



इंडिया टुडे– सी वोटर के मूड ऑफ नेशन सर्वे में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कामकाज पर जनता का भरोसा दिखाया है। अगस्त 2025 के सर्वेक्षण में 41.9 प्रतिशत लोगों ने उनके कार्य को संतोषजनक बताया है, जो फरवरी 2025 के 39% से बढ़कर दर्ज हुआ है। यानी महज छह महीनों में मुख्यमंत्री के प्रति जनता की संतुष्टि में 2.9 प्रतिशत अंकों की वृद्धि दर्ज की गई है। यह उपलब्धि बड़े राज्यों की श्रेणी में उन्हें दूसरे स्थान पर स्थापित करती है। सर्वेक्षण के अनुसार सुशासन तिहार और विकास योजनाओं ने मुख्यमंत्री साय को सर्वे में ऊंचा स्थान दिलाया है। सर्वेक्षण के परिणामों से यह भी पता चलता है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाएं और कार्यक्रम जनता तक सही तरीके से पहुंच रहे हैं।

### जनता के विश्वास का परिणामः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह उपलब्धि जनता के विश्वास और सहयोग का परिणाम है। सरकार किसानों, मजदूरों, महिलाओं और युवाओं आकांक्षाओं और सपनों को पूरा करने के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से काम करती रहेगी।

### ये हैं टॉप-10 सीएम

| सीएम | राज्य | प्रतिशत |
|---|---|---|
| हिमंत बिस्वा | असम | 44.6 |
| विष्णुदेव साय | छत्तीसगढ़ | 41.9 |
| हेमंत सोरेन | झारखंड | 41.9 |
| भूपेंद्र पटेल | गुजरात | 40.7 |
| योगी आदित्यनाथ | यूपी | 40.4 |
| मोहन यादव | मध्यप्रदेश | 39.2 |
| चंद्रबाबू नायडू | आंध्रप्रदेश | 38.1 |
| मोहन चरण मांझी | ओडिशा | 34.2 |
| ममता बनर्जी | प. बंगाल | 30.1 |
| भगवंत मान | पंजाब | 29.9 |

## 271 कॉलोनियां स्कीम में फंसी, वैध करने पर पेंच

इंदौर | शहर में 300 से ज्यादा कॉलोनियों को नगर निगम नियमित करना चाहता है, लेकिन इनमें से करीब 271 कॉलोनियों पर इंदौर विकास प्राधिकरण को आपत्ति है। इन कॉलोनियों की जमीन पर आईडीए की 40-50 साल पुरानी योजनाएं अधिसूचित हैं, लेकिन दशकों से वहां कोई काम नहीं हुआ।

योजना एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग प्रभारी एमआईसी सदस्य राजेश उदावत ने मुख्यमंत्री को इस आशय का पत्र भी लिखा है। उनका कहना है कि निगम अब तक 137 अवैध कॉलोनियों को नियमित कर चुका है। शहरी क्षेत्र में 271 कॉलोनियां ऐसी हैं, जिसमें प्राधिकरण ने आपत्ति दर्ज करवाई है, क्योंकि यह क्षेत्र उनकी स्कीम में आते हैं। इन्हें योजना से मुक्त करें, ताकि नियमित किया जा सके।

## शराब घोटाला • 28 आरोपियों को सरेंडर के निर्देश

# निलंबित आबकारी अधिकारियों को सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं

भास्कर न्यूज | रायपुर

प्रदेश के 3200 करोड़ के शराब घोटाला में वर्तमान और पूर्व 28 आबकारी अधिकारियों को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिल है। कोर्ट ने सभी को ट्रायल कोर्ट में सरेंडर करने का निर्देश दिया है। ट्रायल कोर्ट में जमानत बॉड पेश करने को कहा है। चर्चा है कि ट्रायल कोर्ट में बॉड पेश करने के बाद सभी को जमानत का लाभ मिल सकता है। इसके साथ कोर्ट ने सभी को निर्देश दिया है कि आगे की जांच और सुनवाई में वे सहयोग करेंगे। दरअसल, निलंबित आबकारी अधिकारी विकास गोस्वामी समेत अन्य ने सुप्रीम कोर्ट में एक साथ अग्रिम जमानत की अर्जी लगाई थी। इस पर शुक्रवार को सुनवाई हुई।

### इन्हें मिली राहत

ईओडब्ल्यू ने तत्कालीन आबकारी नोहर सिंह ठाकुर, नीतू नोतानी, अरविंद पाटले, नवीन प्रताप तोमर, राजेश जायसवाल, विकास गोस्वामी, दिनकर वासनिक, अनिमेष नेताम, सौरभ बख्शी, मोहित जायसवाल, आशीष कोसम, गरीब पाल दर्दी, एके सिंह, प्रकाश पाल, रामकृष्ण मिश्रा, नितिन खंडूजा, मंजुश्री कसेर, वेदराम लहरे, एके अनंत, एलएल ध्रुव, विजय सेन शर्मा, प्रमोद नेताम, सोनल नेताम, अलेख सिदार, जेआर मंडावी, जीआर पैकरा, जीएस नुरुटी, देवलाल वैध और मृतक अशोक सिंह को आरोपी बनाया गया है। इसमें से 8 अधिकारी रिटायर हो गए है। 20 अभी नौकरी पर है। एक की मौत हो चुकी है।

## नारायणपुरः नक्सलियों के हथियारों का जखीरा, एलएमजी समेत आधुनिक व देसी हथियार जब्त



भास्कर न्यूज | नारायणपुर

नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे माड़ बचाओ अभियान के तहत कोहकामेटा क्षेत्र में जवानों को बड़ी कामयाबी मिली है। पहले इलाके में जवानों की पार्टी का सामना माड़ डिवीजन के नक्सलियों से हुआ, जिस पर कमजोर पड़ते चले गए नक्सली मौके से भाग निकलने में कामयाब हो गए। इसके बाद सर्च ऑपरेशन में जवानों ने नक्सलियों के हथियारों का जखीरा बरामद किया है। हथियारों में एलएमजी, एके-47, इंसास, एसएलआर, स्टेनगन जैसे आधुनिक हथियारों के साथ ही बड़े पैमाने पर बीजीएल शेल, डेटोनेटर, कॉर्डेक्स के साथ करीब 300 से ज्यादा सामान जब्त किए गए हैं। जवानों का दावा है कि मुठभेड़ में कड़ी संख्या में नक्सली घायल भी हुए हैं।

## हिंदू संगठन के ऑफिस में घुसे दो युवक, लोगों ने पिटाई कर पुलिस को सौंपा

इंदौर | पंढरीनाथ थाना इलाका स्थित फूल मंडी बंद होने से बौखलाए दो युवक हिंदू संगठन के कार्यालय में घुस गए। इसके बाद लोगों ने उनकी पिटाई कर दी। पुलिस के मुताबिक शिकायत पर अय्यूब खान, हामिद और सोहेल के खिलाफ जबरदस्ती घुसने व धमकाने की धाराओं में केस दर्ज किया है।


HARERA

## सार्वजनिक सूचना

**स्वतंत्र आवासीय मंजिल परियोजना अर्थात "जेएमएस ग्रुप द मैजेस्टिक एबोड"**

**जो मानेसर के सेक्टर- एम 9, एम 10, एम 13, एम 14, बंशरिया और बांसखुसला, गुरुग्राम के राजस्व संपदा में स्थित है, जिसे मेसर्स जेएमएस रियल्टी डेवलपर्स एलएलपी द्वारा विकसित किया जा रहा है, के पंजीकरण के लिए आवेदन।**

यह आम जनता की जानकारी के लिए है कि स्वतंत्र आवासीय मंजिल परियोजना अर्थात **"जेएमएस ग्रुप द मैजेस्टिक एबोड"** जो मानेसर के सेक्टर- एम 9, एम 10, एम 13, एम 14, बंशरिया और बांसखुसला, गुरुग्राम के राजस्व संपदा में स्थित है, के पंजीकरण के लिए **मेसर्स जेएमएस रियल्टी डेवलपर्स एलएलपी** द्वारा 2016 के अधिनियम की धारा 4 के अधीन दिनांक 19.08.2025 को प्राधिकरण में एक आवेदन प्रस्तुत किया गया है। नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, हरियाणा ने मेसर्स वर्ल्डवाइड रिजॉर्ट एंड एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से मेसर्स एक्टिव प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड और अन्य को 118.150 एकड़ क्षेत्रफल के लिए लाइसेंस संख्या 136/2022 दिनांक 08.09.2022 प्रदान किया है। उपरोक्त लाइसेंस पहले से ही आरसी संख्या 100 / 2022 दिनांक 14.11.2022 के तहत अनुमोदित "द गोल्डन सिटी" के नाम से प्राधिकरण के पास पंजीकृत है, जो 30.09.2024 तक वैध है, जिसे एक्सटेंशन नंबर 13/2025 के माध्यम से 30.09.2025 तक आगे बढ़ाया जाता है।

इसके बाद, प्रमोटर अर्थात मेसर्स जेएमएस रियल्टी डेवलपर्स एलएलपी जो 22 भूखंडों (डी-294 से डी-297, डी-341 से डी-360) का कन्वेयंस डीड धारक है, ने नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, हरियाणा द्वारा स्व-प्रमाणन नीति के तहत स्वतंत्र आवासीय मंजिलों की भवन योजनाएं प्राप्त की हैं और 19.08.2025 को प्राधिकरण में इन 22 भूखंडों पर 88 स्वतंत्र आवासीय मंजिलों के लिए आवेदन किया है। इन 22 भूखंडों से संबंधित क्षेत्र 0.7922 एकड़ (3205.94 वर्गमीटर) है।

प्रासंगिक आवेदन व संबंधित दस्तावेज हरियाणा रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण, गुरुग्राम के कार्यालय में उपलब्ध हैं, जिन्हें कोई भी संबंधित व्यक्ति दिनांक 12.09.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय के दौरान देख सकता है। साथ ही, यदि कोई उपस्थित होना चाहता है, तो दिनांक 15.09.2025 को प्रातः 11:00 बजे सुनवाई के दौरान प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित हो सकता है।

प्राधिकरण की स्वीकृति व उसकी मुहर के तहत दिया गया।

दिनांक: 30.08.2025

हस्ता/-
सचिव,
हरियाणा रियल एस्टेट
विनियामक प्राधिकरण, गुरुग्राम


## ऋषि पंचमी पर देवरी में निकली सांपों की शोभायात्रा



फिंगेश्वर | फिंगेश्वर ब्लॉक के ग्राम देवरी में ऋषि पंचमी के अवसर पर सांवरा समिति के लोगों ने जहरीले सर्पों की शोभायात्रा निकाली। इसे देखने दूर-दराज के गांवों से हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा गांव श्रद्धालुओं से भर गया। हर साल की तरह इस बार भी सांवरा समिति द्वारा यह विशेष आयोजन किया गया। परंपरा के अनुसार, घरों और खेतों में निकलने वाले जहरीले सांपों को ग्रामीण सुरक्षित तरीके से पकड़ते हैं। इन्हीं सर्पों की पूजा-अर्चना कर शोभायात्रा निकाली जाती है। गांव-गांव से पहुंचे लोग जगह-जगह पूजा-अर्चना करते हैं और शोभायात्रा का स्वागत करते हैं। शोभायात्रा समाप्त होने के बाद सभी सर्पों को सुरक्षित रूप से जंगलों में छोड़ दिया गया।

## 2009 के केस में इंदौर कोर्ट का फैसला

# कोर्ट में गवाह पर हमला करने वाले पांच वकीलों को सजा

भास्कर संवाददाता | इंदौर

इंदौर जिला कोर्ट ने उज्जैन के पांच वकीलों को 2009 में कोर्ट परिसर में गवाह पर जानलेवा हमला करने के मामले में दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। चार वकीलों—धर्मेंद्र शर्मा, शैलेंद्र शर्मा, भवेंद्र शर्मा और पुरुषोत्तम राय को सात-सात साल के सश्रम कारावास और 10-10 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। वहीं, 90 वर्षीय वकील सुरेंद्र शर्मा को तीन साल की सामान्य कैद की सजा दी गई है।

यह फैसला अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्रीकृष्ण डागलिया की अदालत ने सुनाया। संभवतः यह पहला मामला है जब एक साथ पांच वकीलों को सजा दी गई है। एडवोकेट अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि आरोपी धर्मेंद्र और शैलेंद्र, वरिष्ठ वकील सुरेंद्र शर्मा के बेटे हैं, जबकि अन्य दो आरोपी उनके जूनियर थे।

### यह है मामला

यह मामला 10 फरवरी 2009 का है, जब उज्जैन जिला कोर्ट परिसर में एक गवाह पर कुर्सी, लाठी, छड़ और डंडों से हमला किया गया था। गवाह को जान से मारने की धमकी दी गई और उसकी रिवॉल्वर, चेन और घड़ी भी लूट ली गई थी। हमले में गंभीर रूप से घायल गवाह को पहले उज्जैन के संजीवनी अस्पताल और फिर इंदौर के गोकुलदास अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां वह करीब 15 दिन तक इलाजरत रहा। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 307/34 के तहत केस दर्ज किया था। अब 16 साल बाद कोर्ट ने सभी को दोषी मानते हुए सजा सुनाई है।


**NATIONAL INSTITUTE OF ELECTRONICS & INFORMATION TECHNOLOGY (NIELIT), KURUKSHETRA**

(An Autonomous Scientific Society under MeitY, Govt. of India)
Address: Govt. Polytechnic Campus, Umri, NH-44 (GT Road), Kurukshetra, Haryana - 136 131, Contact No.: +91 93501 21146

रा.इ.सू.प्रौ.सं NIELIT | Ministry of Electronics & Information Technology Government of India

**Applications are invited from Computer Institutes operational in Haryana**

*for becoming*

**NIELIT Accredited NSQF Training Partner (TP)**

### Why to became NIELIT TP?

- **Trusted Nationwide for Quality Skill Development**
- Nationwide Reach & Credibility
- Recognized assessment agency
- More than 100 NSQF aligned courses in IT and Electronics from Levels 2 to 6
- Strategic Industry Collaboration with Tata, Intel, Infineon, and Kyndryl to ensure curriculum relevance and internship opportunities

### Benefits of becoming NSQF TP

- **Boost your institute's credibility** with certification from a government organization (Ministry of Electronics & IT) through NIELIT accreditation
- **Broaden your course offerings** by conducting official NSQF-aligned programs
- **Expand your student base** via inclusion under Skill India initiatives students gain nationally recognized certification valued by employers
- **Revenue opportunity**: charge training fees locally while leveraging NIELIT's registration, examination and certification system
- **Accreditation Fee:** Minimal Accreditation fee

### Benefits of NSQF Aligned Courses

- Skills certified under NSQF Levels 2-6, mapping to industry demand in IT / IECT sectors
- Popular Courses like AI Development Associate, Internet of Things (IoT) Assistant, Certified Web Developer, Certified Multimedia Developer, Certified Data Entry and Office Assistant (Upskilling)
- Free Access to Selected NSQF Courses through NIELIT Virtual Academy (NVA)

### Certification & Assessment

- Online/Offline exams & project evaluations
- Conducted by NIELIT/SSC Sector Skill Council
- Certificates recognized nationally & internationally
- Helps in Govt. Job eligibility, internships & placements in industry

### How to Apply?

- **For all NSQF Aligned Courses (excluding O/A Level & CCC)**, interested institutes need to **apply online** through https://accreditation.nielit.gov.in/ and send hard copy of **filled application form** (Section-A, available on https://www.nielit.gov.in/content/nsqf) along with all relevant documents to **NIELIT Kurukshetra**.
- **For O/A Level & CCC**, the institutes shall **apply online** through https://accreditation.nielit.gov.in/ and send hard copy along with relevant documents to **NIELIT HQs.**

CBC 06145/11/0008/2526 )



PETRONET LNG LIMITED

## पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, बाबर रोड, बाराखंभा लेन, नई दिल्ली - 110001
फोन: 71233525, CIN: L74899DL1998PLC093073
ईमेल: investors@petronetlng.in, कम्पनी की वेबसाइट: www.petronetlng.in

## 27वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड ("कंपनी") के सदस्यों की 27वीं वार्षिक आम बैठक ("27वीं वार्षिक आम बैठक") **बुधवार, 24 सितंबर, 2025 को अपराह्न 3:30 बजे** (भा.मा.स.) आयोजित की जाएगी। कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ("एमसीए") और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा जारी परिपत्रों के अनुपालन में, 27वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) की सूचना में निर्धारित सामान्य और विशेष व्यवसायों के संचालन हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंस ("वीसी")/अन्य दृश्य-श्रव्य माध्यमों ("ओएवीएम") के माध्यम से (आईएसटी) सुविधा उपलब्ध है।

उपरोक्त एमसीए और सेबी परिपत्रों के अनुसार, **27वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) की सूचना,** जिसमें एजीएम में किए जाने वाले सामान्य और विशेष व्यवसायों का विवरण है, वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट के साथ, उन सदस्यों को ईमेल द्वारा भेज दी गई है जिनके ईमेल पते कंपनी/संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों/कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट ("आरटीए") के पास पंजीकृत हैं और ईमेल प्रक्रिया 29 अगस्त, 2025 को पूरी हो गई है।

यह सूचना और वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट **www.petronetlng.in** और स्टॉक एक्सचेंजों, अर्थात् बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट क्रमशः **www.bseindia.com** तथा **www.nseindia.com** पर और ई-वोटिंग एजेंसी यानी नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (NSDL) की वेबसाइट **www.evoting.nsdl.com** पर उपलब्ध है।

**रिकॉर्ड तिथि और अंतिम लाभांश 2024-25 का भुगतान**

कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा अनुशंसित वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए शेयरधारकों के अंतिम लाभांश (10 रुपये प्रति इक्विटी शेयर पर 3.00 रुपये प्रति इक्विटी शेयर) ("लाभांश") की पात्रता निर्धारित करने के लिए **शुक्रवार, 4 जुलाई 2025** को **'रिकॉर्ड तिथि'** के रूप में निर्धारित किया गया था, जो 27वीं वार्षिक आम बैठक में कंपनी के सदस्यों के अनुमोदन के अधीन है।

यदि आगामी वार्षिक आम बैठक में सदस्यों द्वारा अंतिम लाभांश को अनुमोदित किया जाता है, तो घोषणा के 30 दिनों की निर्धारित अवधि के भीतर पात्र शेयरधारकों को भुगतान किया जाएगा।

सदस्य कृपया ध्यान दें कि आयकर अधिनियम, 1961, जैसा कि वित्त अधिनियम, 2020 द्वारा संशोधित किया गया है, यह अनिवार्य करता है कि कंपनी द्वारा भुगतान या वितरित लाभांश सदस्यों के हाथों में कर योग्य है। इसलिए, कंपनी को लाभांश का भुगतान करते समय स्रोत पर कर ("टीडीएस") की कटौती करनी होगी। कंपनी को यह निर्धारित करने में सक्षम बनाने के लिए लागू टीडीएस दर के अनुसार, सदस्यों से अनुरोध किया गया था कि **23 अगस्त 2025** तक या उससे पहले संबंधित दस्तावेज जमा करें। लाभांश पर टीडीएस के संबंध में **विस्तृत जानकारी पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड: TDSRelated Information- Petronetlng लिंक पर उपलब्ध है।**

**27वीं वार्षिक आम बैठक के दौरान दूरस्थ ई-वोटिंग और ई-वोटिंग के लिए निर्देश**

वैधानिक प्रावधानों के अनुसार, कंपनी एनएसडीएल के माध्यम से सदस्यों को 27वीं वार्षिक आम बैठक में विचार किए जाने वाले प्रस्तावों पर दूरस्थ ई-वोटिंग और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग के माध्यम से अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान कर रही है।

सदस्यों से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित बातों पर ध्यान दें:

| | |
|---|---|
| **(i) बैठक का कार्य रिमोट ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा और कंपनी इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान कर रही है।** | हाँ |
| **(ii) रिमोट ई-वोटिंग या वार्षिक आम बैठक में मतदान द्वारा वोट देने हेतु सदस्यों की पात्रता को सुनिश्चित हेतु कट-ऑफ तिथि** | बुधवार, 17 सितंबर, 2025 |
| **(iii) रिमोट ई-वोटिंग प्रारंभ होने की तिथि और समय।** | शनिवार, 20 सितंबर, 2025 (सुबह 9:00 बजे IST) |
| **(iv) रिमोट ई-वोटिंग समाप्त होने की तिथि और समय।** | मंगलवार, 23 सितंबर, 2025 (शाम 5:00 बजे IST) |
| **(v) इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की अनुमति इस तिथि के बाद नहीं दी जाएगी।** | मंगलवार, 23 सितंबर, 2025 (शाम 5:00 बजे IST) |
| **(vi) कंपनी और NSDL का वेबसाइट पता जहाँ 27वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना प्रदर्शित है।** | **www.petronetlng.in**<br>**www.evoting.nsdl.com**<br>**कंपनी के पंजीकृत कार्यालय का सूचना पट्ट** |
| **(vii) रिमोट ई-वोटिंग से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए जिम्मेदार व्यक्ति का संपर्क विवरण।** | **श्री राजेश मिश्रा, बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (आरटीए) पिनेकल बिजनेस पार्क, कार्यालय संख्या S6-2, छठी मंजिल, पिनेकल बिजनेस पार्क, अहुरा सेंटर के बगल में, महाकाली केव्स रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई-400093**<br>**फोन: 022-62638200, 011-42425004, 011-47565852**<br>**ईमेल: investor@bigshareonline.com**<br>किसी भी प्रश्न के लिए, आप शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQ) और शेयरधारकों के लिए ई-वोटिंग उपयोगकर्ता पुस्तिका www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग में देख सकते हैं या 022-48867000 पर कॉल कर सकते हैं या एनएसडीएल की वरिष्ठ प्रबंधक सुश्री पल्लवी म्हात्रे को evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेज सकते हैं। |

ए. जिन सदस्यों ने 27वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) से पहले रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट दिया है, वे भी 27वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में भाग ले सकते हैं, लेकिन उन्हें दोबारा वोट देने का अधिकार नहीं होगा।

बी. ऊपर उल्लिखित रिमोट ई-वोटिंग की अवधि के दौरान, कंपनी के वे सदस्य जिनके पास कट-ऑफ तिथि अर्थात **बुधवार, 17 सितंबर, 2025** को भौतिक रूप में या अभौतिक रूप में शेयर हैं, रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट दे सकते हैं। **मंगलवार, 23 सितंबर, 2025 शाम 5:00 बजे** (भारतीय मानक समय) के बाद रिमोट ई-वोटिंग की अनुमति नहीं होगी और उसके बाद रिमोट ई-वोटिंग सुविधा अवरुद्ध हो जाएगी। एक बार सदस्य द्वारा रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से किसी प्रस्ताव पर वोट देने के बाद, सदस्य को बाद में उसे बदलने या दोबारा वोट देने की अनुमति नहीं होगी।

सी. सदस्यों के मताधिकार, कट-ऑफ तिथि अर्थात **बुधवार, 17 सितंबर, 2025** को कंपनी की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी में उनके शेयरों के अनुपात में होंगे।

डी. कोई भी व्यक्ति, जो 27वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना भेजे जाने के बाद कंपनी के शेयर प्राप्त करता है और कंपनी का सदस्य बनता है, या जिसकी ईमेल आईडी कंपनी/आरटीए/संबंधित डीपी के पास पंजीकृत नहीं है और कट-ऑफ तिथि अर्थात **बुधवार, 17 सितंबर, 2025** तक शेयर धारण करता है, **evoting@nsdl.co.in** पर अनुरोध भेजकर लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।

ई. 27वीं वार्षिक आम बैठक में बैठक में भाग लेने वाले उन सदस्यों के लिए इलेक्ट्रॉनिक रूप से मतदान करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिन्होंने अभी तक रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है।

एफ. वह व्यक्ति, जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर में या डिपॉजिटरी द्वारा बनाए गए लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में कट-ऑफ तिथि तक दर्ज है, केवल रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने के साथ-साथ 27वीं वार्षिक आम बैठक में इलेक्ट्रॉनिक रूप से मतदान करने का हकदार होगा। जो व्यक्ति कट-ऑफ तिथि तक सदस्य नहीं है, उसे इस सूचना को केवल सूचनात्मक उद्देश्यों के लिए ही लेना चाहिए।

जी. डीमैटेरियलाइज्ड मोड, फिजिकल मोड में शेयर रखने वाले सदस्यों और जिन सदस्यों ने अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं कराया है, उनके लिए मतदान का तरीका वार्षिक आम बैठक की सूचना में दिया गया है।

एच. यदि प्रस्ताव अपेक्षित बहुमत से पारित हो जाते हैं, तो उन्हें 27वीं वार्षिक आम बैठक की तिथि अर्थात **बुधवार, 24 सितंबर, 2025** को पारित माना जाएगा।

सदस्यों से अनुरोध है कि वे वार्षिक आम बैठक की सूचना में दिए गए सभी नोट्स को ध्यानपूर्वक पढ़ें, जिसमें वार्षिक आम बैठक में शामिल होने के निर्देश, मतदान करने का तरीका आदि शामिल हैं।

**सदस्यों से सामान्य अपील**

1. 16 जुलाई, 2025 के एमसीए परिपत्र के अनुसार, कंपनी ने सदस्यों के केवाईसी और बैंक विवरण सहित अन्य संबंधित विवरणों को अद्यतन करने के लिए **सक्षम निवेशक - 100 दिनों का अभियान** शुरू किया है ताकि अवैतनिक/अदावाकृत लाभांशों को आईईपीएफ में स्थानांतरित होने से रोका जा सके और कंपनी के पास पड़े अवैतनिक/अदावाकृत लाभांशों का दावा किया जा सके।
2. तदनुसार, यह सादर अनुरोध किया जाता है कि जिन सदस्यों ने अभी तक अपने केवाईसी विवरण, जैसे पैन, नामांकन का विकल्प, संपर्क विवरण (मोबाइल नंबर, ईमेल पता), बैंक खाता विवरण, नमूना हस्ताक्षर, पंजीकृत/अद्यतित नहीं किए हैं, वे यदि शेयर डीमैट रूप में हैं तो संबंधित डिपॉजिटरी को इसकी सूचना दें और यदि शेयर भौतिक रूप में हैं तो कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट को इसकी सूचना दें।
3. सेबी ने 2 जुलाई, 2025 के परिपत्र के माध्यम से, केवल उन **हस्तांतरण विलेखों को पुनः दाखिल करने के लिए एक विशेष विंडो** 7 जुलाई, 2025 से 6 जनवरी, 2026 तक छह महीने की अवधि के लिए खोली है, जो 1 अप्रैल, 2019 की समय सीमा से पहले दाखिल किए गए थे और दस्तावेजों/प्रक्रिया/या अन्य किसी कमी के कारण अस्वीकृत/वापस कर दिए गए/उन पर ध्यान नहीं दिया गया, इस अवधि के दौरान, हस्तांतरण के लिए पुनः दाखिल की गई प्रतिभूतियाँ (जिनमें सूचीबद्ध कंपनी/आरटीए के पास आज की तारीख तक लंबित अनुरोध भी शामिल हैं) केवल डीमैट मोड में जारी की जाएँगी। ऐसे हस्तांतरण-सह-डीमैट अनुरोधों के लिए उचित प्रक्रिया का पालन किया जाएगा।
4. विस्तृत जानकारी/परिपत्र कंपनी की वेबसाइट **www.petronetlng.in→investors→shareholders information→norms for processing investor service requested by RTA & related forms** पर उपलब्ध है।

बोर्ड के आदेशानुसार
पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड के लिए

हस्ताक्षरित/-
(राजन कपूर)
जीजीएम एंड प्रेसिडेंट - कंपनी सचिव

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 29 अगस्त, 2025

**नोटः 27वीं वार्षिक आम बैठक के अवसर पर सदस्यों को कोई उपहार, उपहार कूपन या उपहार के बदले नकद राशि वितरित नहीं की जाएगी।**